परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती
उत्तर प्रदेश पुलिस

दिनांक
30-04-2025

प्रेस विज्ञप्ति

❖ **डीआईजी बस्ती द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा हेतु थाना नगर व कोतवाली बस्ती के नवनिर्मित पिंक बूथ का किया गया निरीक्षण।**

❖ **सम्बंधित को दिये आवश्यक निर्देश।**

आज दिनांक 30.04.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री दिनेश कुमार पी. द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए जनपद बस्ती के थाना नगर व कोतवाली बस्ती में नवनिर्मित "पिंक बूथ" का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय,महिलाओ के काउंसलिंग व बैठने की व्यवस्था आदि को देखा गया तथा पिंक बूथ में चार कैमरा लगाने व शेष कार्यो को एसओपी के अनुसार यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

उक्त अवसर पर श्री ओमप्रकाश सिंहअपर पुलिस अधीक्षक बस्ती, क्षेत्रधिकारी सदर,थाना प्रभारी आदि मौजूद रहे।

सोशल मीडिया सेल
रेंज कार्यालय, बस्ती।